तापमान

अधिकतम 28.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 20 जून 2025

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]



12 प्रचार रथ के माध्यम से धरती आबा ग्राम उत्कर्ष ...





12 कृषि आदान विक्रेताओं के विरुद्ध कड़ी निगरानी...




## खबर संक्षेप

### युवक के साथ मारपीट



**महासमुंद।** एक युवक के साथ तीन लोगों ने मारपीट कर दी। प्रार्थी खेमराज बरिहा गड़बेड़ा चांदापारा ने पिथौरा पुलिस को बताया कि वह 17 जून की रात 11 बजे पेट्रोल पंप गया था। पेट्रोल लेने के बाद वह करण ध्रुव के साथ जामपाली पेट्रोल पंप में बैठा था। रात करीब 1.30 बजे लगभग 1.30 बजे चांदापारा पडाव ग्राम गड़बेड़ा में बैठ कर बातचीत कर रहे थे, तभी बातों-बातों में यश कुमार यादव, करण ध्रुव एवं एक अन्य उसके साथ मारपीट करने लगे और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। रिपोर्ट आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### तलवार लहराकर जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** तलवार लहराकर जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी के खिलाफ तेंदूकोना थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को रघुराम साहू निवासी खुसरूपाली ने बताया कि 17 जून की रात्रि 9 बजे गांव के हरिश ठाकुर पिता धीरसिंग ठाकुर ने घर के पास आकर तलवार लहराते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि अगर मेरे परिवार के जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया तो तुम्हें जान से मार दूंगा। इसके बाद घबराकर सुबह गांव में बैठक किया था और बैठक में गांव के प्रमुखों के द्वारा रिपोर्ट करने की सलाह दी। मामले में आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### शादी में नाचने के दौरान विवाद, मारपीट

**महासमुंद।** जोगनीपाली में शादी के दौरान नाच रहे एक व्यक्ति के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। पुलिस को उगेश्वर कश्यप ग्राम जोगनीपानी नेबताया कि 15 जून की रात्रि 10 बजे वह गांव में ही अपने चाचा कृपाराम कश्यप के घर में भाई की शादी में बने मड़वा में नाच रहा था। उसी समय गांव के लोकनाथ निषाद, पुष्पेंद्र बारिक एवं देवराज सिदार आये और हमारे बीच में नाचते हुए धक्का मुक्की करने लगे, तब उसके साथी लोकेश प्रधान धक्का मुक्की क्यों कर रहे हो कहा, इस पर वे तीनों लोकेश के साथ मारपीट करने लगे। जब वह बीच बचाव करने गया तो आरोपियों ने गाली देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया। उसके बाद जब वह शादी घर से बाहर निकला तो तीनों आरोपियों ने फिर से गाली गलौज कर मारपीट की। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# पुरानगरी सिरपुर में कल मनाया जाएगा ग्यारहवां विश्व योग दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्यारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय


- सिरपुर में योग, संस्कृति और सामूहिकता का अनूठा संगम

योगाभ्यास कार्यक्रम पुरातत्व एवं ऐतिहासिक नगरी सिरपुर में आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन 21 जून को सुबह 5:30 बजे से प्रारंभ होगा। इस वर्ष योग दिवस की थीम योग संगम एवं हरित योग तय की गई है। राज्य शासन के निर्देशानुसार आयोजित इस भव्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा होंगे। कार्यक्रम में सांसद, विधायक, कलेक्टर सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, छात्र-छात्राएं, सामाजिक संगठन व दिव्यांगजन, उभयलिंगी व्यक्ति एवं आमजन बड़ी संख्या में योगाभ्यास में हिस्सा लेंगे। कलेक्टर विनय लंगेह द्वारा कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए संबंधित विभागों को अलग-अलग दायित्व सौंपा गया है। साथ ही सभी विभागों को सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन गंभीरता से करने निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिले की सभी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में होने वाले योग कार्यक्रमों के सुचारू क्रियान्वयन हेतु जनपद पंचायतों के सीईओ व नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

## जिलेभर से लोग करेंगे सामूहिक योगाभ्यास, मुख्य अतिथि होंगे राजस्व मंत्री वर्मा

### स्वास्थ्य, एकता और जागरुकता का देगा संदेश

समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक संगीता सिंह ने बताया कि पुरातात्विक और सांस्कृतिक धरोहर सिरपुर में योग दिवस का आयोजन जिले में स्वास्थ्य, एकता और जागरूकता का संदेश देगा। इस आयोजन के माध्यम से योग को जन-जन तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे निरोग और स्वस्थ समाज का निर्माण सुनिश्चित हो सके। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिले में मुख्य समारोह लक्ष्मण मंदिर सिरपुर में प्रातः 5:30 बजे से आयोजित होगा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषण का सीधा प्रसारण होगा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम में प्रातः 5:30 बजे सभी प्रतिभागियों का आगमन एवं प्रातः 6 बजे गणमान्य अतिथियों का आगमन होगा। प्रातः 6:10 बजे से 6:30 बजे तक योग प्रदर्शन व मुख्य अतिथि का भाषण होगा तथा प्रातः 6:30 बजे से 7 बजे तक योग संबंधी गतिविधियों का सीधा प्रसारण किया जाएगा।




### योगाभ्यास के बाद पौधरोपण

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हरित योग पर्यावरण संग योग तथा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिला मुख्यालय स्थित संजय कानन उद्यान में पौधरोपण एवं आयुष पॉलीक्लीनिक हॉल में योगाभ्यास का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग एवं आयुष विभाग के अधिकारी कर्मचारियों तथा शासकीय बहुदिव्यांग विशेष विद्यालय के कर्मचारी एवं दिव्यांग बच्चां द्वारा फलदार पौधों का रोपण किया गया तथा योग सप्ताह अंतर्गत आयुष विभाग के पॉलीक्लिनिक हॉल में योगाभ्यास किया गया।

## जायजा: कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने किया रेत भंडारण का निरीक्षण

# बरबसपुर में करोड़ों की डंप रेत देख बैज बोलेः हम छग में हैं या राजस्थान में?

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

श्मशान के साथ सरकारी जमीन और तो और लाखों खर्च कर किए गए पौधारोपण के क्षेत्र में तक बरबसपुर के रेत माफिया ने बारिश के सीजन में कालाबाजारी के लिए बिना पीट पास अवैध तरीके से रेत उत्खननित कर महानदी के बरबसपुर में भंडारित कर रखी थी। करोड़ों की उत्खनित रेत के लिए पीट पास भी नही लिया गया है और अब हजारों ट्रक डंप रेत को 20 हजार रुपए प्रति ट्रक बेचे जाने की तैयारी है।

प्रदेश में रेत खदानों में हुए गोलीकांड, चाकूबाजी, मारपीट जैसी घटना के बाद गुरुवार को कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज राजनांदगांव और धमतरी के बाद जिले के बरबसपुर रेत घाट पर भंडारित अवैध रेत का निरीक्षण किया। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर, महासमुंद के पूर्व विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव छग शासन विनोद चंद्राकर, पूर्व जिलाध्यक्ष आलोक चंद्राकर, नगरपालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमन चंद्राकर सहित दर्जनो कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे। खनिज विभाग के सहायक खनिज अधिकारी देवेंद्र साहू ने बताया कि अवैध तरीके से भंडारित रेत को माफिया फिर चोरी न कर ले इसलिए विभागीय अमला गश्त कर रहा है। जल्द ही एक-दो दिन में अस्थाई चौकी बनाई जायेगी।



### बैज बोलेः विधानसभा के भीतर बैठे हैं रेत माफिया

निरीक्षण के दौरान पीसीसी अध्यक्ष अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा सरकार पर इस अवैध उत्खनन और भंडारण पर हिस्सेदारी का सीधा आरोप लगाते हुए कहा कि रेत माफिया तो विधानसभा के भीतर बैठे हुए हैं, उनके संरक्षण और हिस्सेदारी के चलते पूरे प्रदेश में यही स्थिति है। बरसबपुर में 50 से 100 एकड़ में अवैध रेत भण्डारण है, लेकिन, प्रशासन सत्तारूढ़ दल के बेदाग छबि के प्रस्तुतिकरण में जुटा है। मौके पर रेत के टीले देखकर बैज ने कहा कि हम छत्तीसगढ़ में हैं या राजस्थान में? चर्चा के दौरान पीसीसी अध्यक्ष बैज ने मामले को आगामी सत्र में विधानसभा में रखने की बात कही है।

### 3 की अनुज्ञा लेकिन, दर्जनों जगह मिला भंडारण

हाल ही में खनिज विभाग द्वारा बरबसपुर में कार्रवाई की गई जिसमें तकरीबन 57 स्थानों पर रेत डंप पाया गया। खास बात तो यह है कि यहां केवल 3 भंडारण की अनुज्ञा थी जिसके बावजूद यहां पर लगातार हो रहे भंडारण की खबरों को दरकिनार किया गया। 3 रेत भण्डारण के लिए दी गई अनुज्ञा में 08 हजार टन घन मीटर क्षमता थी जबकि यहां रेत माफियाओं ने 62 हजार टन घन मीटर रेत का भण्डारण कर रखा है।

### डिप्टी सीएम के साथ रेत माफिया

बरबसपुर में अवैध रेत खनन और भंडारण मामले में प्रदेश हाईवा संघ के पदाधिकारी किसी विनोद नामक व्यक्ति का नाम सामने आया है। सूत्र बताते हैं कि अपने व्हाट्सएप नंबर पर प्रदेश के डिप्टी सीएम के साथ तस्वीर साझा कर संबंधित द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों को अपने रसूख का हवाला दिया जाता है।

# पुस्तक दुकानों में छात्रों की लग रही भीड़ लेकिन सरकारी स्कूलों में पुस्तक की कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद




जिले में नये शिक्षा सत्र की शुरुआत हो चुकी है जिसको लेकर निजी एवं सरकारी स्कूल के बच्चे पुस्तक एवं अन्य समानो की खरीदी करने पुस्तक दुकानों में पहुंच रहे है जिससे पुस्तक दुकानों में भीड़ देखने को मिल रही है वही सरकारी स्कूलों में पुस्तकों की होने की बात समाने आ रही है। 16 जून से शिक्षा सत्र शुरू हो जाने के बाद से स्कूलों में बच्चों की अच्छी खासी उपस्थिति देखने को मिलने लगी है। जहां एक ओर बच्चे स्कूल पहुंच रहे हैं तो वहीं पुस्तक आदि की खरीदी भी शुरू कर दी गई है। चिन्हांकित दुकानों से यूनिफार्म, टाई से लेकर जूते और मोजे भी खरीदे जा रहे हैं। स्कूलों के पट खुल जाने के बाद स्कूलों में बच्चों की चहल-पहल भी देखने को मिलने लगा है तो पुस्तक आदि की खरीदी भी पुस्तक दुकानों से की जा रही है। जिले में लगभग 239 निजी स्कूलों का संचालन हो रहा है। अधिकांश सीबीएसई बोर्ड की स्कूलें संचालित हो रही है। ऐसे में पुस्तक आदि की खरीदी में भी पालकों को अत्यधिक राशि खर्च करनी पड़ रही है। जिले के सभी निजी स्कूलों में ड्रेस कोड भी अलग-अलग होने के कारण चिन्हांकित दुकानों से ही यूनिफार्म और टाई खरीदे जा रहे हैं। जूते और मोजों के साथ अन्य आवश्यक सामानों की भी खरीदी की जा रही है। वही सरकारी स्कूलों में प्रवेश उत्सव के दिन से किताबों के लिए स्कूल के बच्चों को जुझना पड़ रहा है तो कई स्कूलों में पुराने किताबों से पढ़ाई करने को मजबूर हैं। स्कूलों के खुलने से पहले शिक्षा विभाग ने अपनी सारी तैयारियां पूरी करने का दावा किया था। पर शाला प्रवेश उत्सव के पहले दिन बच्चों को पूरी किताबें नहीं मिली।

### छात्रों को किताबों का इंतजार

बच्चों को अब इंतजार है कि कब उनको स्कूल से नए सत्र की किताबें मिलती हैं। जिले में प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों की संख्या 1768 है। जिसमें 1276 प्राथमिक और 492 माध्यमिक स्कूल हैं। इन स्कूलों में पहली कक्षा से लेकर आठवीं तक कुल 1 लाख 7 हजार 366 छात्र हैं। प्राथमिक स्कूल में 63042 और माध्यमिक में 44324 छात्र हैं। इन बच्चों के लिए शिक्षा विभाग ने 1 लाख 38 हजार 466 पाठ्य पुस्तक के सेट की मांग की है।

### एक्सीडेंट में एक की मौत, एक घायल

**महासमुंद।** ग्राम डोंगरीपाली मंदिर के पास एक्सीडेंट में बाइक में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई वहीं एक घायल है। पुलिस को अंजलि ध्रुव निवासी ग्राम सैयाभाठा चौकी बयां थाना राजादेवरी जिला बलौदाबाजार ने बताया कि 17 जून को उसके पिताजी चैतराम ध्रुव ग्राम अमलीडीह से दोपहर करीबन 3 बजे अपने साथी लक्ष्मीनारायण साहू के साथ अपनी मोटर सायकल क्र. सीजी 06 जीएस 4156 से कुंभकाल मंदिर डोंगरीपाली दर्शन करने के लिये जा रहे थे। शाम करीबन 4.30 बजे वे ग्राम डोंगरीपाली मंदिर के पास पहुंचे थे तभी विपरीत दिशा से सामने की ओर आ रहे मोटर सायकल सीजी 06एचबी3745 के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर उसके पिताजी के मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट में उसके पिताजी के सिर, पैर में गंभीर चोट और लक्ष्मीनारायण साहू के बांये हाथ, बांये पैर में चोट लगी थी। जिन्हें एंबुलैंस से इलाज हेतु सीएचसी पिथौरा लाये थे, जहां डॉक्टर द्वारा चेक करने पर प्रार्थिया के पिता की मौत हो जाना बताया गया। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106(1), 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## रेत भंडारण पर कार्रवाई जारी, 6 की अनुज्ञा रद्द

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर जिले में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में ग्राम बिरकोनी के 5 और ग्राम बड़गांव के एक रेत भंडारण अनुज्ञा को निरस्त किया गया है। खनिज अधिकारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ खनिज (खनन, परिवहन तथा भंडारण) नियम का उल्लंघन पाये जाने पर ग्राम बिरकोनी में सौरभ चंद्राकर के नाम पर रेत भंडारण हेतु स्वीकृत क्षमता 10000 टन के अनुज्ञा को निरस्त कर दिया गया है। इसी तरह दामोदर चंद्राकर को क्षमता 10000 टन, प्रकाश चंद्राकर को क्षमता 10000 टन, ग्राम बरबसपुर में भुनेश्वरी निषाद को क्षमता 10000 टन, अमित चंद्राकर को क्षमता 4000 टन एवं ग्राम बड़गांव में विनोद अग्रवाल के पक्ष में क्षमता 10000 टन के लिए स्वीकृत खनिज साधारण रेत के कुल 06 अस्थाई भंडारण अनुज्ञा को निरस्त किया गया है।



## 3 लोगों की हत्या करने वाले दो को मिला आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के न्यायालय प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी ने सामूहिक हत्याकांड के 2 आरोपियों को आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई है । बता दें कि 11 सितंबर 2020 में तुमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम जोबा निवासी आरोपी परसराम गायकवाड़ एवं बज्रसेन गायकवाड़ ने जमीन बंटवारा संबंधित विवाद के चलते ओसराम एवं जागृति गायकवाड़ के आंख में मिर्ची पाउडर डालकर कर कटार से प्राणघातक हमला किया था, वहीं परिवार के अन्य 5 लोगों का निर्ममतापूर्वक गला रेत दिया था, जिसमें 3 लोगों की मृत्यु हो गई थी वहीं 4 लोग गंभीर रूप से घायल थे। तुमगांव थाना में शिकायत के बाद सामूहिक हत्याकांड को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। सामूहिक हत्याकांड को अंजाम देने वाले दोनों आरोपी परसराम गायकवाड़ एवं बज्रसेन गायकवाड़ को धारा 459 एवं धारा 307/34 के तहत 10-10 वर्ष की सजा और 500-500 रुपए अर्थदंड दिया गया वही भारतीय दंड संहिता की धारा 302 /34 के अंतर्गत 3 लोगों के हत्या के आरोप में आरोपियों को तीन बार आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। न्यायालय प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी ने सामूहिक हत्याकांड के आरोपियों को यह सजा सुनाया है।

## आज फिर चलेगा बुलडोजर, चिन्हांकित अवैध कब्जों पर जारी रहेगा एक्शन

# सरकारी ज़मीन पर अवैध कब्जे पर चलाया बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा (ग्रामीण)

सरकारी ज़मीनों पर अवैध कब्जे करने वालों के खिलाफ प्रशासन ने एक बार फिर सख़्त रुख़ अपनाते हुए बड़ा एक्शन लिया है। एसडीएम ओंकारेश्वर सिंह के मार्गदर्शन में तहसीलदार नितिन ठाकुर के नेतृत्व में गुरुवार को नयापारा खुर्द और लहरौद गांव में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया, जिसमें दो अवैध निर्माणों को बुलडोजर चलाकर जमींदोज कर दिया गया। यह कार्रवाई तहसील प्रशासन की सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है।

प्रशासन की इस कार्रवाई में सबसे पहले ग्राम नयापाराखुर्द के खसरा नंबर 86/1 की सरकारी भूमि पर बने अवैध निर्माण पर बुलडोजर चला। यह भूमि बड़े झाड़ के जंगल मद में दर्ज है, जिस पर 847 वर्गफुट में एक मकान बन रहा था। जांच में पाया गया कि यह मकान शिक्षिका गंगा देवी ध्रुव द्वारा बनाया जा रहा था। मामले में पूर्व में तहसील न्यायालय में प्रकरण भी दर्ज किया गया था और कब्जाधारी को पूरी न्यायिक प्रक्रिया के तहत सुनवाई का अवसर दिया गया। सभी कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद यह बुलडोजर कार्रवाई की गई।

इसके अलावा ग्राम लहरौद में खसरा नंबर 624/1 की भूमि जो कि सिंचाई विभाग के लिए आरक्षित थी, वहां लगभग 5 डिसमिल भूमि पर बने पुराने कार्यालय और बाउंड्रीवॉल को भी तोड़ दिया गया। यह निर्माण नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी लक्ष्मीनारायण अग्रवाल उर्फ फुन्नु सेट द्वारा कराया गया था,



जहाँ से पहले ईंट भट्ठा संबंधित कार्य संचालित होता था। वर्तमान में यह निर्माण जर्जर अवस्था में था और यह भी बड़े झाड़ के जंगल की जमीन पर अवैध रूप से बनाया गया था। इसलिए इस भवन को भी प्रशासन ने बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया।

### 9 साल बाद फिर चला बुलडोजर

मिली जानकारी अनुसार, इससे पहले ऐसी बड़ी कार्रवाई साल



2016 में तत्कालीन तहसीलदार विश्वास राव मस्के ने ग्राम लोहराकोट में की थी, जब अवैध कब्जों पर बुलडोजर चलाकर सरकारी जमीन को खाली कराया गया था। अब 9 साल बाद, तहसीलदार नितिन ठाकुर ने एक बार फिर वैसी ही सख़्त और साहसिक कार्रवाई करते हुए अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। तहसीलदार के इस सख़्त कदम के बाद अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया है। नगर सहित पूरे क्षेत्र में यह कार्रवाई चर्चा का विषय बनी हुई है।

### आज फिर चलेगा बुलडोजर

तहसीलदार नितिन ठाकुर ने हरिभूमि से बातचीत में कहा कि अवैध अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को भी बुलडोजर चलेगा, और जिन-जिन शासकीय ज़मीनों पर अवैध कब्जा किया गया है, उन्हें चिन्हांकित कर लिया गया है। जल्द ही उन सभी स्थानों पर विधिवत कार्रवाई की जाएगी।

### सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं

इस कार्रवाई के दौरान मौके पर भारी पुलिस बल और कोतवाल की भी तैनाती की गई थी, ताकि किसी तरह की अशांति या विरोध को रोका जा सके। अधिकारियों की टीम ने पहले स्थल का निरीक्षण कर दस्तावेजों का मिलान किया, फिर बुलडोजर की कार्रवाई शुरू की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी हाल में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, चाहे वह कोई भी व्यक्ति हो। की भी तैनाती की गई थी, ताकि किसी तरह की अशांति या विरोध को रोका जा सके। अधिकारियों की टीम ने पहले स्थल का निरीक्षण कर दस्तावेजों का मिलान किया, फिर बुलडोजर की कार्रवाई शुरू की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी हाल में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।


रूबीस एजुकेशन का NEET-JEE में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन



वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षाओं में संस्था की अयाती बिजुरिया ने XII - CBSE में 98.2% प्राप्त कर संपूर्ण छत्तीसगढ़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, सिमोन बगारिया ने XII में 96.8% तथा NEET 2025 में 602 अंक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ में तीसरा तथा ऑल इंडिया रैंक 1239 प्राप्त किया। JEE में सफल हुए विशाल, पुष्पांजली और 11 अन्य के साथ साथ, नीट 2025 में नमन, भूमि साहू, मीनाक्षी ध्रुव, आस्था, वीणा साहू सहित 27 विद्यार्थी चयनित हो चुके है। सलीम सर के फिजिक्स अध्यापन से सैंकडो विद्यार्थी लाभन्वित हो चुके है। अब हमारी टीम में डॉ. रवि देशमुख (बॉयोलॉजी) तथा रोहित निरंजन (केमिस्ट्री) भी अध्यापन करा रहे है। **छत्तीसगढ़ की सर्वश्रेष्ठ अध्यापन टीम।**

ड्रॉपर बैचस हिन्दी व अंग्रेजी मीडियम में प्रवेश प्रारंभ है।

Shop-254, Sector-10, Zonal Mkt, Sec-10, Bhilai, C.G
Mob. : 9425565777, 9039800929

## खबर संक्षेप



### अटल परिसर निर्माण कार्य का निरीक्षण

**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने पूर्व प्रधान मंत्री स्व अटल बिहारी की स्मृति में बनाए जा रहे कचहरी चौक स्थित अटल परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित इंजीनियर व ठेकेदार को कार्य में हो रही अनावश्यक देरी को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए शीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने तय समय सीमा में निर्माण पूर्ण करने कहा। उन्होंने कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृतियों को संजोने यह परिसर बनाया जा रहा है। इस पर किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### बागी जनपद सदस्य भाजपा से निष्कासित

**महासमुंद।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 में जनपद पंचायत महासमुंद के उपाध्यक्ष चुनाव में कौंदकेरा सोरिद जनपद क्षेत्र क्रमांक 10 की जनपद सदस्य सुधा योगेश्वर चंद्राकर ने भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी हुलसी जितेंद्र चंद्राकर के खिलाफ बागी प्रत्याशी के रूप में नामांकन भरा था। इसके परिणामस्वरूप, उन्हें भारतीय जनता पार्टी से 6 वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया गया है। पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि सुधा चंद्राकर के इस कदम से पार्टी की एकता और अनुशासन को ठेस पहुंची है, जिसके कारण उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। यह निर्णय पार्टी अनुशासन के उल्लंघन के आरोप में लिया गया है। यह पार्टी के अन्य नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के लिए कड़ा संदेश भी है कि पार्टी अनुशासन का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### भाजपाइयों ने मनाया चावल उत्सव

**महासमुंद।** वार्ड नं. 15 स्थित सार्वजनिक वितरण केंद्र में चावल उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, वार्ड पार्षद ईश्वरी संजय भोई, पार्षदगण भाऊराम साहू, बादल मक्कड़, जितेन्द्र ध्रुव, धनेंद्र चंद्राकर, बड़े मुन्ना देवार, पुष्पा चंद्राकर, हर्ष साहू आदि ने राशन कार्डधारियों को 3 माह का चावल वितरण किया।

**मनमानी : वरिष्ठता सूची छिपाई गई, दावा-आपत्ति का नहीं दिया गया अवसर, शिक्षकों में गहरा रोष**

# युक्तियुक्तकरण में गड़बड़ी का खुलासा: वरिष्ठ शिक्षकों को दरकिनार कर कनिष्ठों को दी गई मनचाही पोस्टिंग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पिथौरा (ग्रामीण)

विकासखंड में शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। युक्तियुक्तकरण के नाम पर शिक्षकों की सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां उजागर हुई हैं। वरिष्ठता सूची में कूट रचना कर कनिष्ठ शिक्षकों को पहले बुलाकर मनचाहे स्थानों पर पदस्थ किया गया। पूरे मामले में पहले आओ, पहले पाओ की तर्ज पर काउंसिलिंग और पदस्थापना की गई, जिससे कई वरिष्ठ शिक्षक वंचित रह गए।

शिक्षकों ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि युक्तियुक्तकरण से पूर्व न तो वरिष्ठता सूची का प्रकाशन किया गया और न ही दावा-आपत्ति का कोई अवसर दिया गया। शिक्षकों का आरोप है कि काउंसलिंग के दौरान स्कूलों के वास्तविक रिक्त पदों को छिपाया गया। यह पूरी प्रक्रिया पूर्व नियोजित और चुनिंदा लोगों को लाभ पहुंचाने की मंशा से संचालित की गई प्रतीत होती है। आनन-फानन में सूची जारी कर कुछ शिक्षकों को मनचाही पोस्टिंग देकर अन्य को जानबूझकर वंचित किया गया।

शिक्षकों के बीच इस मनमानी को लेकर गहरा रोष है। कई वरिष्ठ शिक्षक जिन्होंने वर्षों की सेवा के आधार पर अपनी वरिष्ठता अर्जित की, उन्हें जानबूझकर सूची में नीचे कर दिया गया। इससे न केवल उनका मनोबल गिरा है, बल्कि विभाग के प्रति भरोसा भी डगमगाया है। मामले के उजागर होने के बाद ब्लॉक से लेकर जिला कार्यालय तक हड़कंप मचा हुआ है, लेकिन अभी तक कोई ठोस जवाबदेही तय नहीं की गई है।

**केस 1**

**वरिष्ठ शिक्षिका को दरकिनार, कनिष्ठ को लाभ**

नवीन प्राथमिक शाला, गोपालपुर पारा क्रमांक 10 की शिक्षिका नीलिमा वर्मा, जिनकी नियुक्ति 28 फरवरी 2009 को हुई थी और कार्यभार 3 मार्च 2009 को ग्रहण किया गया था, वरिष्ठता सूची में क्रमांक 47 पर थीं। इसके बावजूद काउंसलिंग में उन्हें दरकिनार कर प्राथमिक शाला किशनपुर की शिक्षिका श्रीमती संतोषिनी पंडा, जिनकी नियुक्ति 11 अगस्त 2010 को हुई थी और वरिष्ठता क्रमांक 69 था, को पहले बुलाकर लाभ पहुंचाया गया।




**केस 2**

**वरिष्ठता क्रम 53 के बावजूद पीछे किया गया**

शासकीय प्राथमिक शाला, बरतुंगा में पदस्थ शिक्षिका संगीता ध्रुव की नियुक्ति 30 अक्टूबर 2009 को हुई थी। उनका वरिष्ठता क्रम 53 था, बावजूद इसके काउंसिलिंग में उन्हें पीछे किया गया और कनिष्ठ शिक्षक को पहले बुलाकर पदस्थ किया गया। शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया वरिष्ठता सूची के आधार पर, रिक्त पदों की घोषणा के साथ, दावा-आपत्ति आमंत्रित कर पारदर्शी तरीके से पूरी की जाए। परंतु पिथौरा ब्लॉक में इन सभी नियमों को दरकिनार कर दिया गया।

**कई शिक्षकों ने की उच्च स्तरीय शिकायत**

पीड़ित शिक्षकों ने दस्तावेजों सहित शिकायत मुख्यमंत्री कार्यालय, लोक शिक्षण संचालनालय, रायपुर, संयुक्त संचालक (शिक्षा) रायपुर संभाग, कलेक्टर महासमुंद, विधायक व सांसद तक भेजी है। अब तक इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है। इस प्रकरण ने शिक्षा विभाग की पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। क्या दोषियों पर होगी कार्रवाई? क्या शासन इस पूरे घोटाले की निष्पक्ष जांच कराएगा? और सबसे महत्वपूर्ण क्या शिक्षक हितों की रक्षा के लिए कड़ी कार्रवाई होगी?

**की जा रही गहन जांच**

युक्तियुक्तकरण को लेकर अतिशेष शिक्षकों से लगभग 200 शिकायत आवेदन प्राप्त हुए हैं। सभी आवेदनों की गहन जांच की जा रही है। दो से तीन दिनों के भीतर जिला समन्वय समिति की बैठक में इन शिकायतों का निराकरण किया जाएगा।

**- विजय कुमार लहरे,**
जिला शिक्षा अधिकारी, महासमुंद

## नक्शा बंटवारे का ऑनलाइन सिस्टम फेल, ऑफलाइन का विकल्प नहीं, किसान दर-दर भटकने मजबूर: रश्मि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

किसानों और आम जनता को नक्शा बंटवारे और राजस्व रिकार्ड के दस्तावेज के संशोधन प्रक्रिया में आ रही दिक्कतों के लिए प्रदेश की भाजपा सरकार की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा है कि राजस्व विभाग के ऑनलाइन सिस्टम में ढेरों खामियां हैं, जब तक ऑनलाइन सिस्टम में त्रुटियां पूरी तरह से दुरुस्त नहीं कर ली जाती तब तक ऑफलाइन का विकल्प भी होना चाहिए। लेकिन, भाजपा की साय सरकार जानबूझकर काम अटकने के नए-नए तरीके अपना रही है। सरकार की दुर्भावना के चलते लाखों की संख्या में किसान दर-दर भटकने मजबूर है। पूरे प्रदेश में लाखो किसान परेशान है। अधिकारी जान बूझकर एक-दूसरे पर ठींकरा फोड़ रहे हैं। पटवारी, आरआई के पास भेज रहा है, आरआई तहसीलदार के पास, तहसीलदार एसडीएम और एसडीम कलेक्टर और कलेक्टर वापस उसी तहसीलदार के पास। समाधान कही नहीं मिल रहा है, जनता चक्कर लगा लगा कर थक चुकी है।



## प्रवेशोत्सव में बच्चों के शिक्षा गुणवत्ता व विकास पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरायपाली

शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बलोदा में प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि शारदा तिवारी शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि सरोज सेठ, अध्यक्षता अभिमन्यु षढ़ंगी प्राचार्य बलोदा रहे। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में बच्चों के शिक्षा गुणवत्ता व विकास पर प्रकाश डाला। सरोज सेठ ने विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति अनिवार्य रूप हो ऐसा कहा। सभी अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों के आलस्य त्याग कर निरन्तर अध्ययन पर जोर दिया। कक्षा नवमी के सभी नवप्रवेशी विद्यार्थियों को तिलक



लगाकर एवं पुस्तक वितरण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन गुलाब चंद्र दास व्याख्याता एवं अभार प्रर्दशन सूर्यकांत बारिक व्याख्याता ने किया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्य मुरलीधर पाढी, नरेश तिवारी, उपेन्द्र साहू, एमके भोई, नृपतिलाल पटेल, एमके साहू, विवेक बारिक, अनुताप विशाल, धर्मेंद्र साहू, सविता तिवारी, एन लक्ष्मण श्रीनिवास, ब्रजकिशोर, राजकुमार सिंह, सौदागर साहू आदि मौजूद रहे।

## मूत्र रोग एवं पथरी प्रोस्टेट का परामर्श एवं ऑपरेशन शिविर आज अग्रवाल नर्सिंग होम में

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बसना

अग्रवाल नर्सिंग होम बसना में 20 जून 2025 को मूत्र एवं पथरी रोग संबंधित ऑपरेशन शिविर का आयोजन रखा गया है।

जिसमें किडनी, पथरी, प्रोस्टेट का समुचित जांच,इलाज एवं सर्जरी लेजर एवं दूरबीन द्वारा किए जाएंगे। किडनी में सूजन, पथरी एवं सिकुडन का इलाज पुरुषों में बाँझपन एवं नपुंसकता का उपचार मूत्रकोष का संक्रमण एवं मूत्र नली का सिकुडन किडनी, प्रोस्टेट, टेस्टिस के कैंसर पेशाब का रुक रुक कर आना, लीक करना या खून आने का उपचार। पीडियाट्रिक यूरोलॉजी की सेवाएं इमरजेंसी यूरोलॉजी की सेवाएं, ट्रामा से लेकर किडनी में यूरिन ब्लॉकेज तक सभी का आपरेशन एवं परामर्श डॉ. योगेश बारापत्रे एमबीबीएस, एमएस, एमसीएच यूरो सर्जन 20 जून को अग्रवाल नर्सिंग होम बसना में करेंगे।

समय शाम 4 बजे से उपलब्ध रहेंगे। आयुष्मान अथवा राशन कार्ड एवं बीजू कार्ड द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। सिटी स्कैन, सोनोग्राफी, एक्स रे द्वारा पथरी की सटीक जांच उपलब्ध है।

## सर्व आदिवासी समाज की बैठक में बीएसएफ जवान जागेश्वर को दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बसना

भारत के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को स्मरण किया जाय तो देश धर्म समाज जाति संप्रदाय के रक्षा के लिए अनेक महान विभूतियों के वीरगाथाओं का उल्लेख इतिहास में पढ़ने को मिलते हैं। जिनमें 15वीं शताब्दी में अखिल भारत वर्ष में स्थापित गोंडवाना साम्राज्य शासनकाल की वीरांगना महारानी दुर्गावती ने क्षत्राणी धर्म वीरांगना शौर्य नारी पराक्रम त्याग की प्रतिमूर्ति देवी का परिचय देते हुए मातृभूमि की रक्षा के लिए 24 जून 1564 में विदेशी मुग़ल विधर्मियों और आक्रांताओं से लड़ते हुए अपनी सर्वोस्व बलिदान कर आत्मोसर्ग कर दीं। जिनकी 461वीं बलिदान दिवस प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज, छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ, अखिल भारतीय गोंडवाना गोंड समाज एवं छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के संयुक्त तत्वावधान में भंवरपुर स्थित गढ़किला मैदान से सर्व आदिवासी समाज सामुदायिक भवन से सांगठनिकजन रैली निकलकर वीरांगना महारानी दुर्गावती स्मारक स्थल पहुंचेगी। जहां पूजा आरती कर श्रद्धासुमन अर्पित की जाएगी। तत्पश्चात रैली गढ़किला मैदान के मंडी प्रांगण में सांगठनिक जनसभा में राष्ट्रसेवा में आदिवासी समाज के ऐतिहासिक भूमिका



और योगदानों को स्मरण, वर्तमान सामाजिक एवं सांगठनिक संघर्ष एकता, अखंडता पर विचार संगोष्ठी व भोजन प्रसाद पश्चात आयोजन सभा समापन कार्यक्रम होगा। इस ऐतिहासिक बलिदान दिवस पर अंचल के सर्व आदिवासी समाज के महिला- पुरूष, युवक -युवतियां को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की गई है। बैठक के दौरान क्षेत्र के ग्राम बम्हनीनडीह निवासी जागेश्वर दीवान जो बीएसएफ सैन्य बल सेवा में सेवारत जवान के सेवाकाल के दौरान हैदराबाद कैंप में आकस्मिक निधन का समाचार मिलने पर आदिवासी समाज द्वारा अपूरणीय क्षति के साथ शोक व्यक्त किया गया और दिवंगत सेना को मौन धारण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में प्रमुख रूप से अमृतलाल जगत जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ महासमुंद, गणेशराम सिदार, उदलसिंह पोर्ते, करताल सिंह जगत, मुनुसिंह जगत, राजेंद्र सिंह सिदार, उत्तर सिदार, कैलाश सिदार, घसिया सिदार, नरेश पोर्ते, चंद्रशेखर जगत, परमानंद नागेश, धनश्याम सिदार, विष्णु मांझी, चंद्रहास बरिहा, रमाकांत टेकाम, दुलारसिंह पारेश्वर, समाज दूत मंगलसिंह सिदार, ललित दीवान, प्रकाश पारेश्वर, जयकुमार सिदार, श्यामलाल सिदार, महेश नेताम, महेश सिदार, शिवलाल सिदार, रूपसिंह सिदार, श्यामाचरण सिदार, उत्तर बाघ, राजकुमार नेताम, चैतराम सिदार, पुरूषोत्तम सिदार, छबिलाल सिदार, कैलाश खैरवार, शंकरसिंह सिदार, डोलामणी, मिलापराम सिदार, नानदेव सिदार, दासरथी सिदार आदि उपस्थित रहे। उपरोक्त जानकारी राजेंद्र सिंह सिदार शिक्षक ने दी है।

## महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत प्रवेश के लिए हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नवीन शिक्षा सत्र 2025-26 के प्रवेश के लिए प्राचार्य प्रोफेसर करुणा दुबे एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ रीता पांडे के मार्गदर्शन में बैठक का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 समिति के संयोजक डॉ. ईपी चेलक ने बताया कि स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा में विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन फार्म के लिए पोर्टल खोला गया है। जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत इस सत्र 2025-26 मे स्नातक प्रथम सेमेस्टर की समस्त संकाय के लिए प्रवेश की प्रक्रिया की जा रही है।

जिसके अंतर्गत प्रवेश लेने के इच्छुक छात्र-छात्राओं को चयन उपरांत महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम के अनुसार विषयों का चयन करना होगा। जिसमें मुख्य रूप से कला संकाय के अंतर्गत महाविद्यालय में डिसिप्लिन स्पेसिफिक कोर्स (डीएससी) में कुल आठ विषय अर्थशास्त्र, इतिहास, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, भूगोल, हिंदी साहित्य, समाजशास्त्र और अंग्रेजी साहित्य संचालित है। जिसमें से कोई भी



मुख्य तीन विषय का चयन किया जाना है, इसी प्रकार विज्ञान संकाय के अंतर्गत (गणित समूह एवं बायो समूह), वाणिज्य संकाय और कंप्यूटर संकाय के अंतर्गत 3 मुख्य अनिवार्य विषय का ही मुख्य रूप से चयन किया जाना है। इसी प्रकार एबिलिटी एनहैंसमेंट कोर्स (एईसी) संकाय वार आवंटित है, वैल्यू एडिशन कोर्स (वीएसी) के लिए विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित विषय से ही चयन किया जाना अनिवार्य है। साथ ही जेनेरिक इलेक्टिव (जीई) विषय के चयन के लिए महाविद्यालय में संचालित अन्य संकाय के पाठ्यक्रम में से कोई भी एक विषय का चयन किया जाना अनिवार्य होगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सदस्य प्रोफेसर अजय कुमार राजा ने महाविद्यालय के वेबसाइट में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के जानकारी के संबंध में अपडेट करने के लिए बातें रखी। सदस्य डॉ अजय कुमार देवांगन ने पूर्ण सत्र में चयनित किए गए एंबेसडर छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षित कर अन्य छात्र-छात्राओं हेतु जानकारी प्रदान की करने के लिए प्रेरित करने हेतु बातें रखी। तत्पश्चात समिति के सहसंयोजक डॉ रीता पांडे ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संबंध में प्राप्त सभी प्रकार के प्रपत्र, विषय और प्रवेश नियमावली को महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर लगाने की बातें कहीं। जिसमें हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है। अतः किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उक्त नंबर में कॉल करके छात्र-छात्राएं जानकारी प्राप्त कर सकते हैं या स्वयं उपस्थित होकर भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस बैठक में महाविद्यालय के राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 समिति के सदस्य डॉ नीलम अग्रवाल, प्रो एमआर धीवर, आशुतोष पुरी गोस्वामी, मुकेश साहू भी उपस्थित हुए और अपनी अपनी बातें रखी।



### वार्ड 27 का भ्रमण कर पालिकाध्यक्ष ने सुनी लोगों की समस्याएं

**महासमुंद।** नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू ने आज वार्ड क्रमांक 27 का भ्रमण कर स्थानीय नागरिकों की समस्याएं सुनी। साथ ही गुड़रु तालाब की सफाई को लेकर निरीक्षण किया। उन्होंने नागरिकों से मुलाकात कर उनकी मांगों व समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए संबंधित विभाग प्रभारियों को निर्देश दिए। उन्होंने तालाब का निरीक्षण कर फैली गंदगी की सफाई के लिए शीघ्र कार्य प्रारंभ करने की बात कही। इस दौरान सभापति गुलशन साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। नपाध्यक्ष साहू ने कहा कि वार्डवासियों की सुविधा और स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इस तालाब की सफाई शीघ्र किया जाएगा।

# मोंगरा में हुआ भाजपा का संकल्प से सिद्धि के तहत कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

17 जून 2025 को ग्राम पंचायत भवन मोगरा में भाजपा ग्रामीण मंडल महासमुंद का संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम अंतर्गत विकसित भारत का अमृतकाल, सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप पूर्व विधायक महासमुंद व वक्ता डॉ विमल चोपड़ा, नरेंद्र प्रकाश गिरी पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि, हुलसी जितेंद्र चंद्राकर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत महासमुंद, पुष्पा बाई ध्रुव जनपद सदस्य, श्याम साकरकर पूर्व मंडल अध्यक्ष, दिग्विजय साहू दिग्गी अध्यक्ष महासमुंद ग्रामीण मंडल उपस्थित रहे।

मुख्य वक्ता डॉ चोपड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के11 साल पूर्ण हुए हैं, जिसमें पूर्व में किए गए संकल्प को आज पूरा किया जा रहा है। चाहे राम मंदिर की बात हो या तीन तलाक की बात हो, सभी को संकल्प के साथ पूरा किया जा रहा है। आज पूरे देश में आवागमन के लिए चमचमाती सड़कों का उपयोग किया जा रहा हैं। कश्मीर से धारा 370 को हटाया गया, जल जीवन मिशन से सभी घरों को स्वच्छ पेयजल प्रदान किया जा रहा है, गरीबों को शहरी एवं ग्रामीण पीएम आवास दिया जा रहा है, मुफ्त में चांवल दिया जा रहा, 5 लाख तक स्वास्थ बीमा का लाभ एवं सभी योजनाओं को अंत्योदय तक पहुंचाने का कार्य किए जा रहा है।,जो संकल्प पूर्व में किए गए थे आज पूरा किया जा रहा है। आज भारत ने



पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पहलगांव हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर चलाकर महिलाओं का सम्मान बढ़ाया। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद अंतिम सांसें गिन रहा है, ऐसे अनेक कार्य है जिसे मूर्तरूप दिया जा रहा है।

इस अवसर पर निहाल देवांगन वरिष्ठ भाजपा नेता, रीखी राम साहू सरपंच मोगरा, डॉ छेरकू जलछत्री सरपंच चिंगरौद, भगवती भोई सरपंच प्रतिनिधि बोरियाझर, दिलीप नेताम, त्रिभुवन धीवर सरपंच प्रतिनिधि, डॉ दूजराम साहू पूर्व सरपंच, परमानंद साहू उपाध्यक्ष ग्रामीण मंडल, प्रेम साहू मंत्री, मेघराज चंद्रसेन मंत्री ग्रामीण मंडल, चुनेश्वरी साहू महामंत्री महिला मोर्चा, यशोदा साहू मंत्री महिला मोर्चा, पूनम साहू कोषाध्यक्ष ग्रामीण मंडल महासमुंद, श्रीकांत शर्मा मीडिया प्रभारी, अरुण नेताम, लुकेश्वरी साहू, शांति साहू, हेमबाई ध्रुव, राजू साहू, हरेंद्र साहू, लोकनाथ साहू, संतोष सेन, भानुप्रताप चक्रधारी, वामन राव, शिवकुमार, महेश जोशी, किरण साहू, सियाराम साहू बूथ अध्यक्ष, देव चरण ध्रुव बूथ अध्यक्ष, बैसाखू देवांगन, अमृत विश्वकर्मा बूथ अध्यक्ष, अखिलेश तिवारी बूथ अध्यक्ष, नीलम यादव, मनोहर ध्रुव, रामेंद्र गिरी बूथ अध्यक्ष, रमेश शर्मा शक्ति केंद्र प्रभारी, प्रदीप साहू, नरेंद्र निषाद, तोषण साहू, राजेंद्र कुमार, गोविंद कन्नौज, लुकेश्वरी साहू उपसरपंच, ओमप्रकाश चंद्राकर उपसरपंच, युवराज सिंह राजपूत एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ माखन सिन्हा महामंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक ग्रामीण मंडल महासमुंद एवं आभार प्रदर्शन साजन यादव महामंत्री ग्रामीण मंडल महासमुंद ने किया।

# बिना अनुमति बैंक में जनरेटर स्थापित करना नियमों के खिलाफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

बसना नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत एक बैंक में बिना अनुमति जनरेटर लगाए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सूरज सिदार ने स्पष्ट किया कि इस विषय में न तो कोई आधिकारिक आवेदन प्राप्त हुआ है और न ही किसी प्रकार की सहमति दी गई है। उन्होंने इसे नियम विरुद्ध बताया और इसके संभावित कानूनी एवं सामाजिक दुष्परिणामों को लेकर चेतावनी भी दी है।





## क्यों जरूरी है परमिशन?

बैंक जैसे सार्वजनिक स्थलों पर जनरेटर स्थापित करने के लिए कई सरकारी अनुमतियों की आवश्यकता होती है। इनका उद्देश्य न केवल सुरक्षा सुनिश्चित करना है, बल्कि प्रदूषण नियंत्रण, बिजली आपूर्ति की निगरानी और बीमा दावों की वैधता बनाए रखना भी है। बिना परमिशन लगाए गए जनरेटर से आग लगने, शॉर्ट सर्किट और जहरीली गैसों के रिसाव जैसी घटनाओं का खतरा बना रहता है।

**नियम और अनुमतियां:** विद्युत निरीक्षक से लाइसेंस, स्थानीय निकाय से एनओसी, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से स्वीकृति, बैंक की आंतरिक नीतियों के अनुरूप अनुमति, फायर डिपार्टमेंट से सुरक्षा प्रमाण पत्र।

**बिना अनुमति जनरेटर लगाने के संभावित परिणाम:** कानूनी कार्रवाई और भारी जुर्माना, जनरेटर को सील करना या हटवाना, बीमा दावा खारिज होना, जनसुरक्षा को खतरा, बैंक की प्रतिष्ठा को नुकसान।

## कोई पूर्व सूचना नहीं

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत बसना सूरज सिदार ने कहा कि हमारे कार्यालय को इस संबंध में कोई पूर्व सूचना या आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। नियमों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। साथ ही उन्होंने बताया कि बैंक परिसर के बाहर रखे गए जनरेटर से स्थानीय निवासियों को शोर और धुएं से असुविधा हो रही है, जो सामाजिक और पर्यावरणीय दृष्टिकोण से आपत्तिजनक है।

## खबर संक्षेप

### पटवारी व नायब तहसीलदार के खिलाफ विभागीय जांच की मांग

**महासमुंद।** भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने गलत नाम चढ़ाने पटवारी व नायब तहसीलदार के खिलाफ विभागीय जांच की मांग राजस्व मंत्री टंकराम एवं विभाग के मुख्य सचिव के नाम अपर कलेक्टर रवि साहू को ज्ञापन सौंपकर की है। साहू कहा अछोली खसरा नंबर 905/2 पटवारी का काम भूमि रिकॉर्ड और अन्य सरकारी दस्तावेजों को ठीक से रखना है। लोग भूमि संबंधी मामलों में गलत नाम दर्ज होने से बार-बार तहसील ऑफिस का चक्कर काटने में मजबूर हैं, जिससे उन्हें कानूनी या वित्तीय नुकसान, अर्थिक क्षति होती है, यह एक गंभीर गलती है। पटवारी को सस्पेंड किया जाना चाहिए। गलत नाम चढ़ाना, भूमि रिकॉर्ड में एक महत्वपूर्ण त्रुटि है, जो कानूनी विवादों और अन्य समस्याओं को जन्म दे सकती है। 4 जून को नायब तहसीलदार तुमगांव टेकेंद्र नुरूटी को ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## निधन

### सीमा यादव



**महासमुंद।** समीपस्थ ग्राम परसाडीह निवासी सीमा यादव (43) का निधन 19 जून को आकस्मिक निधन हो गया। वे मनोज यादव की पत्नी, चैतूराम, चैतराम, चेतन, संतराम की बहू, रामायण की भाभी, लोकेश की मां और अरव कुमार यादव की बड़ी मां थी।

# तेंदूकोना में माता पहुंचनी का पर्व, रहा भक्तिमय माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना

गुरुवार को स्थानीय शीतला मंदिर में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक पर्व माता पहुंचनी का आयोजन किया गया। सुबह मां शीतला को नीम की पत्ती, हल्दी, तेल आदि से स्नान कराकर पूजा अर्चना कर आयोजन का शुभारंभ किया गया। इस दिन सुबह से ही श्रद्धालु भक्त मां शीतला मंदिर पहुंचते रहे। पूरे दिन मंदिर परिसर में तेंदूकोना के महंत मुकेश बैरागी द्वारा सात्विक चौका आरती का आयोजन होता रहा, जिससे गांव का माहौल भक्तिमय बना रहा। ग्रामीण निरोग काया पाने व अपने परिवार की सुख समृद्धि के लिए मंदिर पहुंचकर मां शीतला की पूजा अर्चना किए। संध्या को मांदर की थाप पर जस गीत आयोजन कर बाद प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान ग्राम सरपंच देवंतीन दीवान एवं तेंदूकोना ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल ने अपने परिवार, गांव सहित क्षेत्र की समृद्धि के लिए कामना की है





### नपाध्यक्ष ने किया इमलीभाठा व नयापारा मुक्तिधाम का निरीक्षण

**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने शहर के इमलीभाठा व नयापारा दलदली रोड स्थित मुक्तिधाम तथा आसपास स्थलों का निरीक्षण किया। इमलीभाठा में मुक्तिधाम के पीछे तालाब का सौंदर्यीकरण, दशगात्र कार्यक्रम के लिए शेड निर्माण स्थल का भी अवलोकन कर जनसुविधाओं को ध्यान में रखकर प्राथमिकता से कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। इसी तरह दलदली रोड में क्षेत्र के नागरिकों की मांग पर शवदाह निर्माण हेतु स्थल चयन तथा मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार के लिए पहुंचे लोगों के लिए पेयजल, छाया, तथा मुक्तिधाम का सौंदर्यीकरण कराए जाने लोक निर्माण विभाग के सब इंजीनियर, अधिकारी, कर्मचारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुक्तिधाम में बरसात व गर्मी के मौसम में लोगों को अधिक परेशानी होती है। ऐसे में दोनों मौसम में नागरिकों राहत प्रदान करना पालिका की पहली प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान प्रमुख रूप से पार्षद जय देवांगन प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



### खल्लारी विधायक कार्यालय में मनाया गया गांधी का जन्मदिन

**महासमुंद।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का जन्मदिवस खल्लारी विधायक कार्यालय में हर्षोल्लास के साथ शहर कांग्रेस कमेटी, ग्रामीण कांग्रेस कमेटी बागबाहरा व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोमाखान ने संयुक्त रूप से केक काटकर मनाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने मां चंडी व मां खल्लारी से उनके दीर्घायु की प्रार्थना करते हुए कहा कि उन्होंने गांधी को जन नेता बताया। भारत के एकता और अखंडता के लिए राहुल गांधी ने भारत भ्रमण किया और जनता की समस्याओं से अवगत होकर जनता की आवाज बनकर सड़क से सदन तक उठाया है। खल्लारी विधायक ने कहा कि भारत की पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी व स्व. राजीव गांधी ने देश के लिए बलिदान दिया। यादव ने कार्यकर्ताओं के साथ सकल्प लिया कि केंद्र व राज्य में कांग्रेस की सरकार बनाकर प्रधानमंत्री के रूप में राहुल गांधी को देश का प्रधानमंत्री बनाएंगे। कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता के रूप में केशव नायकराम चंद्राकर, खिलेश्वरी बघेल, देवेश साहू, दुर्गा सागर, भूपेंद्र ठाकुर, गणेश शर्मा, मनोहर ठाकुर, फिरोज मेमन आदि वक्ताओं ने अपना विचार रखें। कार्यक्रम का संचालन रवि निषाद व समापन संतोष पटेल ने किया। कार्यक्रम में सर्व फूलसिंह ध्रुव, कुंती महानंद, शमीम खान, ताम्रध्वज बघेल, लखबीर छाबड़ा, पोखराज साहू, मन्ता यादव, शिवा जगत, बड़ा खान, सविता गोस्वामी, रमेश ठाकुर, उत्तम राणा, वाजीद खान, अंजोर ठाकुर, राजेश सोनी, ज्योति साहू, राजेश सिन्हा, खोमेश साहू, एडिशन ठाकुर, राहुल यादव, लोकेश उइके, मयंक शर्मा सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बाल संप्रेक्षण गृह में 14 बच्चों की मानसिक स्वास्थ्य जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बाल संप्रेषण गृह बरोंडा बाजार में



साइकोसोशल इंटरवेंशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जहां 14 बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य जांच एवं परीक्षण किया गया। बालकों में युवावस्था में होने वाले तनाव को कम करने, भावनाओं को नियंत्रण में रखने और जीवन में आने वाली चुनौतियों से सामना करने के लिए गेम के माध्यम से इंटर पर्सनल रिलेशनशिप, स्लीप हाईजिन, मौसमी बीमारी के देख व रख रखाव, नशे आदि से दूर रहने के उपाय, इस उम्र में सिर्फ पढ़ने लिखने का समय है, कई ऐसे परिजन है जो किशोरों को मिलने नहीं आते, जिसके कारण उनके मानसिक स्थिति पर बुरा असर पड़ता है। समय समय पर परिजन को मिलना बहुत जरूरी है, ऐसे व्यक्ति साथी दोस्त यार जो गलत काम करते है, उनको होने होने वाले दुष्परिणाम या उनके मानसिक स्वास्थ्य खराब होने के स्थिति को बताया गया। स्वास्थ्य लाभ के लिए दैनिक दिन चर्या में योगा अभ्यास, ध्यान को शामिल करें। सृजनात्मक सोच के बारे में बताया गया। सभी को बारी-बारी बुला कर मनोसामाजिक परामर्श दिया गया। इस प्रोग्राम में जिला अस्पताल से आरजी खूंटे, खोमन लाल साहू, देव कुमार डड़सेना आदि शामिल हुए।

# पिथौरा में रात्रिकालीन ड्यूज बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता, खिलाड़ियों में दिखा जोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

शहीद भगत सिंह खेल मैदान में चल रही रात्रिकालीन ड्यूज बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मैच हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। पिथौरा क्रिकेट लीग द्वारा आयोजित इस मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी, विशेष अतिथि जिला उपाध्यक्ष विजय नायक, विधायक प्रतिनिधि सुमित अग्रवाल, आयोजन समिति अध्यक्ष दुलिकेशन साहू एवं पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मीकांत सोनी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्वप्निल तिवारी ने कहा कि पिथौरा क्रिकेट लीग द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित यह प्रतियोगिता न केवल खिलाड़ियों को मंच प्रदान करती है, बल्कि पिथौरा को प्रदेश स्तर पर खेल जगत में पहचान भी दिला रही है। उन्होंने कहा कि आज की दौड़-भाग भरी जिंदगी में जहां युवा वर्ग खेल से दूर होता जा रहा है, वहीं ऐसे आयोजन उन्हें खेल के प्रति प्रेरित करते हैं। कम उम्र में ही ब्लड प्रेशर, शुगर जैसी बीमारियां बढ़ रही हैं, ऐसे में यदि हम प्रतिदिन थोड़ा समय खेल के लिए निकालें तो न केवल हमारा स्वास्थ्य बेहतर होगा बल्कि जीवन भी सफल रहेगा। मैच के दौरान खिलाड़ियों के प्रदर्शन और दर्शकों के उत्साह से मैदान का माहौल उत्सव जैसा बना रहा। आयोजन समिति की ओर से सुरेश ठाकुर, सुधीर प्रधान, कौशल दास, दुर्गेश सोनी, राजेश चौधरी, डोलमनी डनसेना, अविनाश मित्तल, राजा चिरंजीवी सिन्हा, सुनील यादव, कलीम खान, दिनेश साहू और विजय गौतम सहित अन्य पदाधिकारियों ने आयोजन को सफल बनाने में भूमिका निभाई।





### नयापाराकला में मनाया गया माता पहुंचनी का पर्व

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम नयापाराकला में माता पहुंचनी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। शीतला मंदिर में पहुंचकर ग्रामीणों ने विशेष पूजा अर्चना की। इसके पूर्व जसगीत के साथ गांव भ्रमण किया गया। सबसे पहले शीतला मंदिर में ग्राम के बैगा फगुनुरम बरिहा ने पूजा अर्चना कर ग्राम में सुख, शांति एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। इस इस दौरान सरपंच शशि बाई दीवान, उपसरपंच अग्नि बाई ठाकुर, गंगाराम दीवान, पंचगण ताराबाई ध्रुव, गोरी बाई ध्रुव, गंगाबाई बरिहा, रेस कुमारी दीवान, टिकेश्वरी बाई, कुशाल सिंह ठाकुर, कुंभराज, कृष्णा, भोज राम ध्रुव, राजकुमार पटेल, खेमू ध्रुव, संतलाल साहू, मोहनलाल पटेल, भागीरती दीवान, हरिशंकर बरिहा, घनश्याम पटेल, भूषण ध्रुव, देवी सिंह ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान, पहले दिन शिविरों में 584 हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ

**महासमुंद।** धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत 17 जून को महासमुंद जिले के चयनित ग्रामों टेडिनारा, गोपालपुर, रुमकेल और डुडुमचुवा में पहले दिन 04 जनकल्याणकारी शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में कुल 584 हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविरों के दौरान विभिन्न जनकल्याणकारी सेवाओं के अंतर्गत जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में ग्रामीणों को आवश्यक दस्तावेज़ एवं योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। जिसमें आधार कार्ड बनवाने अथवा संशोधन हेतु 123 आवेदन प्राप्त हुए, जबकि सहज कार्ड के लिए 50 लाभार्थियों को जोड़ा गया। आयुष्मान भारत योजना के तहत 20 लोगों को स्वास्थ्य सुविधा से जोड़ा गया। इसके अतिरिक्त, 96 जाति प्रमाण पत्र और 98 निवास प्रमाण पत्र जारी किए गए। इसी प्रकार किसान क्रेडिट कार्ड हेतु 6 किसानों के आवेदन स्वीकृत किए गए और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 3 किसानों का पंजीकरण किया गया। बैंक खाता खोलने हेतु 5 आवेदन प्राप्त हुए। वृद्धावस्था पेंशन के 4, विधवा पेंशन के 9, तथा दिव्यांग पेंशन के लिए कुछ आवेदन दर्ज हुए। इसके अलावा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 4, और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में 6 हितग्राहियों ने भागीदारी की। वहीं मनरेगा योजना के अंतर्गत 5 व्यक्तियों को रोजगार से जोड़ा गया। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत 3 महिलाओं को लाभान्वित किया गया। स्वास्थ्य सेवाओं के तहत टीकाकरण, आईसीडीएस, और सिकल सेल स्क्रीनिंग एवं काउंसिलिंग के माध्यम से 158 हितग्राहियों को सेवाएं प्रदान की गईं। शिविरों में स्थानीय जनप्रतिनिधि, बड़ी संख्या में ग्रामीणजन सहित स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मितानिन, पटवारी, मनरेगा एवं कृषि विभाग के कर्मचारी, छात्रावास अधीक्षक, महिला एवं बाल विकास पर्यवेक्षक, पेंशन विभाग प्रतिनिधि, ग्राम सचिव एवं आधार ऑपरेटर उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि यह शिविर 30 जून तक विभिन्न चयनित स्थलों में आयोजित होगा। महासमुंद विखं के ग्राम पंचायत रूमेकेल शिविर में रूमेकेल निवासी भुवनेश्वरी ध्रुव, मोतिम ध्रुव एवं धनगांव निवासी रोमा निषाद जैसे हितग्राहियों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि शिविर के माध्यम से हमें तत्काल लाभ मिला। अभियान से हम सबको शासकीय योजनाओं का लाभ मिलना सुनिश्चित होगा। इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी प्रारंभ, आयुष विभाग के अंतर्गत व्यापक योग गतिविधियां

**महासमुंद।** आयुष विभाग के तत्वावधान में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून 2025) के सफल आयोजन के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। विभाग द्वारा जिलेभर में योग प्रचार-प्रसार एवं जनजागरूकता कार्यक्रम प्रारंभ किए गए हैं, जिनके अंतर्गत प्रतिदिन विभिन्न स्थानों पर योग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला आयुष अधिकारी ज्योति गजभिये ने जानकारी दी कि 15 जून 2025 से जिले के सभी 14 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों एवं विभाग से संबद्ध संस्थाओं में नियमित रूप से प्रभातकालीन योग सत्रों का आयोजन किया जा रहा है। इन योग शिविरों में प्रशिक्षित योगाचार्यों द्वारा नागरिकों को योगासन, प्राणायाम, ध्यान एवं स्वस्थ जीवनशैली से संबंधित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। योग वेलनेस सेंटर महासमुंद द्वारा जिला मुख्यालय स्थित संजय कानन उद्यान में प्रतिदिन प्रातः 6:30 बजे से योग सत्र आयोजित किया जा रहा है, जिसमें शहरवासियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है। ये सत्र पूर्णतः निःशुल्क हैं और सभी आयु वर्ग के लिए खुले हैं। इसके साथ ही, जिले की सभी 36 आयुष संस्थाएं हरित योग और योग संगम जैसी अभिनव पहल के माध्यम से पर्यावरणीय संरक्षण एवं सामूहिक योगाभ्यास को प्रोत्साहित कर रही हैं। हरित योग के अंतर्गत योग सत्रों के बाद पौधरोपण, स्वच्छता एवं पर्यावरण विषयक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वहीं योग संगम के तहत विभिन्न समुदायों, विद्यालयों एवं संगठनों को जोड़कर सामूहिक योग गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। जिला आयुष अधिकारी ने जिलेवासियों से 21 जून को आयोजित मुख्य योग समारोह में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि "योग अपनाएं, स्वस्थ जीवन पाएं।

# शिविरों के माध्यम से जनजातीय समुदायों को योजनाओं से किया गया लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जनजातीय कल्याण को समर्पित धरती-आबा जनभागीदारी अभियान का आयोजन देशभर में 15 से 30 जून 2025 तक किया जा रहा है। इसी कड़ी में महासमुंद जिले के पिथौरा विकासखंड के ग्राम पंचायत पेंड्रावन तथा बसना विकासखंड के ग्राम पंचायत जमदरहा में जागरूकता एवं लाभ परिपूर्णता शिविर आयोजित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य जनजातीय समुदायों को उनके संवैधानिक अधिकारों, सरकारी योजनाओं तथा कल्याणकारी लाभों के प्रति जागरूक करना और इन योजनाओं को जमीनी स्तर तक प्रभावी रूप से पहुंचाना है।

शिविर में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जहां जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में विभिन्न विभागों द्वारा सेवाएं प्रदान की गईं। पेंड्रावन शिविर में 146 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। जिसमें 05 पात्र लोगों के आयुष्मान भारत कार्ड बनाए गए, जिससे उन्हें अब निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा मिल सकेगी। राशन कार्ड के लिए 15 आवेदन प्राप्त हुए। साथ ही जाति प्रमाण पत्र के लिए 34 और निवास प्रमाण पत्र हेतु 68 व्यक्तियों ने आवेदन जमा किया। वहीं पीएम किसान सम्मान निधि के लिए 02 कृषकों ने आवेदन किया। 02 श्रमिकों का जॉब कार्ड एवं 01 हितग्राही को वृद्धावस्था पेंशन के लिए चयन कर स्वीकृति प्रदान की गई तथा पीएम मातृत्व वंदन योजना के तहत 02 गर्भवती महिलाओं का पंजीयन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 17 लोगों का सिकल सेल स्क्रीनिंग एवं काउंसिलिंग किया गया।



इसी तरह जमदरहा शिविर में 70 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इनमें 6 हितग्राहियों के आधार कार्ड, 8 हितग्राहियों के राशन कार्ड, एक हितग्राही का आयुष्मान कार्ड, 21 लोगों का जाति प्रमाण पत्र एवं 21 लोगों का निवास प्रमाण पत्र बनाया गया। इसी तरह दो हितग्राहियों का जॉब कार्ड, एवं 3 गर्भवती महिलाओं को पीएम मातृत्व वंदन योजना के तहत पंजीयन किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 8 लोगों का सिकल सेल स्क्रीनिंग किया गया। शिविर के दौरान न केवल दस्तावेजी सेवाएं दी गई बल्कि ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई और आवेदन प्रक्रिया में मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। शासन द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के तहत ऐसे शिविरों का लगातार आयोजन किया जा रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहे। शिविर के सफल आयोजन में स्थानीय प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, ग्राम पंचायत एवं विभिन्न विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की सक्रिय भूमिका रही।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ 02 अक्टूबर 2024 को किया गया है। इस अभियान की संकल्पना जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अभिसरण मॉडल पर 17 भागीदार मंत्रालयों के 25 योजनाओं मिलाकर लागू किया गया है। जिसमें आवास, पक्की सड़के, समग्र शिक्षा, जल जीवन मिशन, मोबाईल मेडिकल यूनिट, पीएम जन आरोग्य योजना, आंगनबाड़ी केंद्र, अविद्युतीकृत घरों में विद्युतिकरण, सोलर लाईट, एलपीजी कनेक्शन, पोषण वाटिका, कौशल विकास, डिजिटल एक्टिविटी, मछली पालन, पशुपालन, होम स्टे, प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम, एफ.आर.ए. मैनेजमेंट, के साथ-साथ आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र एवं निवास प्रमाण-पत्र, केसीसी एवं अन्य हितग्राही मुल्क योजनाओं को शामिल किया गया है। इन सभी योजनाओं से वंचित हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ा गया।

